# 17.31 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने लिया विकास कार्यों का जायजा





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मंत्री लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन एवं प्रभारी मंत्री जिला छिंदवाड़ा राकेश सिंह द्वारा आज जिले में 17.31 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति प्री-मेट्रिक कन्या छात्रावास छिंदवाड़ा में किया गया।

कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल छिंदवाड़ा संभाग द्वारा 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अनुसूचित जाति प्री-मेट्रिक 50 शैया कन्या छात्रावास भवन क्रमांक- 01 और 02 का लोकार्पण किया गया। प्रत्येक भवन की लागत 2.50 करोड़ रुपये है और दोनों भवनों की कुल लागत 5 करोड़ रुपये है। इन भवनों का कुल निर्मित क्षेत्रफ्ल 1200 वर्ग मीटर (12,912 वर्ग फुट) है जिसमें भूतल और प्रथम तल शामिल हैं। भूतल पर लाइब्रेरी, टी.वी. हॉल, किचन, डायनिंग हॉल, सर्वेंट क्वार्टर, अधीक्षक ऑफ्सि, विजिटर रूम, सिक रूम, 7 डबल बेड रूम, टॉयलेट ब्लॉक और दो सीढ़ियां हैं जिनसे भवन के सामने और पीछे से प्रवेश किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, एक सेंट्रल कोर्टयार्ड (बैडमिंटन कोर्ट) भी बनाया गया है। प्रथम तल पर 18 डबल बेड रूम और दोनों ओर टॉयलेट ब्लॉक हैं।

इसके अतिरिक्त मंत्री श्री सिंह द्वारा लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क) संभाग छिंदवाड़ा द्वारा विकासखंड हर्रई के अंतर्गत 6.08 करोड़ रूपये लागत के भैंसा से मोहनीघाट मार्ग (लंबाई 6.40 कि.मी.) के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। उन्होनें मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास कार्य योजना (चतुर्थ चरण) के तहत नगरपालिका निगम छिंदवाड़ा में 6.23 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले सीसी एवं बीटी रोड सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

इन लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यों के बाद मंत्री श्री सिंह द्वारा निर्माणाधीन सिम्स मेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को इसे तय समय.सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

इस दौरान छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ठंड के दिन आए

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गुरुवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ पारा 15.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इस मौसम बच्चों व बुजुर्गों के सेहत को लेकर खास ध्यान रखने की आवश्यकता है।

रात में कड़ाके की सर्दी का अहसास हुआ। हल्की ठंडी हवाएं चल रही थी। गुरुवार की सुबह नजारा देखने लायक था। वातावरण में हल्का कोहरा भी दिखा। सूर्योदय के साथ धूप अच्छी लगने लगी। दिन चढ़ने के साथ मौसम का कलेवर भी बदला। रात के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

फिलहाल दिन और रात का तापमान सामान्य से कम है। वहीं रात और दिन के तापमान में 13 डिग्री सेल्सियस का अंतर है। जिसका असर सेहत पर भी पड़ने लगा है। ठंडी के चलते मौसमी बिमारियां घेरने लगी है। खासकर बदलते मौसम का असर छोटे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर दिखने लगा है। अस्पतालों के ओपीडी में इन दिनों रोजाना भीड़ लग रही है।

## चौपाल लगाकर ग्रामों में नेशनल लोक अदालत की दी गई जानकारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफ्ल बनाने के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रेमपाल सिंह ठाकुर, विधिक सहायता अधिकारी विजय खोब्रागड़े, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम के मार्गदर्शन में लोक अदालत का प्रचार बिछुआ सेक्टर क्रमांक 1 के नगर परिषद बिछुआ, ऊल्हावाड़ी, छाबड़ी, नवलगांव, ऊभेगांव में किया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य एवं परामर्श दाता श्यामल राव ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया की जरूरतमंद लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी के साथ 14 दिसंबर 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत मे विभिन्न विभागों एवं अन्य मामलो मे समझौता योग्य प्रकरणों की जानकारी दी गई।



### सार समाचार

## कांग्रेस सेवादल का प्रतिनिधि मंडल मिला प्रभारी मंत्री से



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि आज कांग्रेस सेवादल का प्रतिनिधि मंडल मध्यप्रदेश शासन के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से मिलकर राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर मिला जिसमें मुख्य रूप से राजा शंकरशाह विद्यालय के निर्माण के लिए पूर्व में कांग्रेस की सरकार के समय सारना बायपास पर लगभग 100 एकड़ जमीन विश्वविद्यालय बनाये जाने के लिये आवंटित की गई थी, जिसके लिये शासन की तरफ से राशि आवंटित की जानी थी लेकिन लगभग 6 वर्ष हो गये, लेकिन विश्वविद्यालय का निर्माण अभी तक प्रारंभ नहीं हो पाया है, जिसके कारण राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय का संचालन पी.जी. कालेज की एक बिल्डिंग में हो रहा है। विश्वविद्यालय अत्यंत छोटी होने के कारण अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## 12 शिक्षक-शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के शासकीय कन्या उ.मा.वि. स्कूल में बुधवार को सहायक संचालक शिक्षा अविनाश दीक्षित द्वारा रिमेडियल क्लास सहित स्कूल टाइम में स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया। जहां लगभग 12 शिक्षक शिक्षिकाएं समय में अनुपस्थित रहे। इसके बाद श्री दीक्षित द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

वही विकासखंड कार्यालय द्वारा स्कूल संस्था में डेली अप डाउन करने वालों की भी जानकारी संकुलवार मंगाई गई है ताकि जिले से मिले आदेश जिसमें अप डाउन करने वालों पर नियम अनुसार कार्यवाही की बात कही गई है का पालन किया जा सके।

## जिले को दी है 250 करोड़ की सौगात : राकेश सिंग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री और प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने निजी होटल में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि प्रभारी मंत्री ने कहा कि छिंदवाड़ा दौरे पर आने से पहले ही मैने अपने विभाग से 250 करोड़ की सड़के स्वीकृत कर दी है। मेरी प्राथमिकता रहेगी कि जिले के लिए ज्यादा से ज्यादा बजट लाऊ। प्रभारी मंत्री से जब जिले के लिए नई विकास परियोजना के लिए पूछा तो राकेश सिंह ने कहा कि नई सौगात देने का अधिकार सीएम का है प्रभारी मंत्री के नाते योजना का क्रियान्वयन देखना हमारा काम है। पहली बार छिंदवाड़ा आने को लेकर प्रभारी मंत्री ने कहा कि सीएम ने कहा था कि जब तक स्वस्थ न हो तब तक दौरा न करे।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले के विकास को लेकर हम अधिकारियों से लगातार चर्चा कर रहे है। नागपुर से छिंदवाड़ा ट्रेन बंद होने को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि इसको लेकर रेलवे मंत्रालय में चर्चा की जाएगी।

## गुटबाजी फ्रि आई सामने

लोक सभा चुनाव से शुरू हुई गुटबाजी प्रभारी मंत्री के दौरे के दौरान भी नजर आई, पूर्व मंत्री और सांसद का खेमा खींचा खींचा नजर आया। दोनों नेता एक मंच पर भी नजर नहीं आऐं इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाए है।



## स्वर लहरियों से गूंजेगा छिन्दवाड़ा

### 51 वाँ भातखंडे पुण्यतिथि संगीत समारोह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** निनाद ललित कला समिति छिंदवाडा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शास्त्रीय संगीत के मर्मज्ञ तथा संगीत लिपि को लिखने की विधा का सृजन करने वाले चर्तुपंडित स्व. विष्णुनारायण भातखंडे पुण्यतिथि संगीत समारोह स्व. शालिगराम विश्वकर्मा की स्मृति में आयोजित किया गया है। निनाद ललित कला समिति के सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि इस वर्ष 24 नवंबर दिन रविवार को शाम 7 बजे से श्री शिर्डी सांई मंदिर के सामने बक्षी प्रांगण में संगीत समारोह आयोजित किया गया है।

यह उल्लेखनीय है कि यह आयोजन का 51 वाँ वर्ष है। शास्त्रीय संगीत के प्रचार प्रसार हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में देश के सुविख्यात गायक रामपुर सहसवान घराने के उस्ताद गुलाम हसन खान अपना गायन प्रस्तुत करेंगे। तबले पर संगत जहीन खान करेंगे। विख्यात हारमोनियम संगतकार जाकिर धौलपुरी संगत करेंगे।

संगीत समारोह में स्थानीय संगीत साधकों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की जायेगी। छिंदवाडा की संस्था ताल इंस्टीट्यूट ऑफ म्युजिक के अर्पित सोनी तथा नृत्य निनाद संस्था की प्रीति सक्सेना के द्वारा तैयार नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी। यह कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क है। सभी संगीत प्रेमियों से संगीत समारोह में में उपस्थिति अपील की है।

## गर्ल्स कॉलेज में व्यापक मूल्यांकन परीक्षा संपन्न

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 20 नवम्बर 2024 को राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे के निर्देशन एवं हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो. सीताराम शर्मा के मार्गदर्शन एवं डॉ. विजय कलामधर के संयोजन में हिंदी विभाग के अंतर्गत एम.ए. हिंदी तृतीय सेमेस्टर 2024-25 की सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन परीक्षा पारदर्शिता साथ निर्भीक और शांति से संपन्न हुई। जिसमें 80 छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया।

अनुपस्थित छात्राओं को दुबारा परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। परीक्षा सफ्ल व सम्पन्न कराने में विभागीय सदस्य रेणुका पोफ्ली, नीता वर्मा एवं शोभाराम जम्होरे का योगदान रहा।



# जिले के प्रभारी मंत्री ने ली समीक्षा बैठक





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों को बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, म.प्र. भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश अंगारिया, अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि, चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी, सौंसर विधायक विजय चौरे, पांढुर्णा विधायक निलेश उईके, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य शेषराव यादव, नगर निगम महापौर विक्रम अहके सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे और कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, नवागत एस.पी. अजय पांडे, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, डी.एफ.ओ. साहिल गर्ग सहित जिला प्रशासन एवं जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह और सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्री कुमार द्वारा जिले में स्वच्छता के लिए आधुनिक समाधान के तौर पर किए गए नवाचार वॉश ऑन व्हील्स की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने जिला प्रशासन के वॉश ऑन व्हील्स नवाचार की खुले दिल से सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत सुंदर और देश में अपने तरह का अनूठा नवाचार है। इस नवाचार से एक ओर जहां हमारे स्वच्छता साथी पूरी सेफ्टी और डिग्निटी के साथ स्वच्छता का कार्य कर पा रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर उन्हें आजीविका का अच्छा साधन उपलब्ध हो रहा है। इस नवाचार की जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। उन्होंने जिला प्रशासन को इसके लिए बधाई दी। साथ ही स्वच्छता साथी शैलेंद्र सिकरवार जनपद जामई और अनामिका बेलवंशी जनपद हर्रई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों और व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों की सफ्ई के अभाव में उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए छिंदवाड़ा जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील्स की शुरुआत की है। इस पहल की शुरुआत 26 सितंबर 2024 को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ब्लॉक तामिया की ग्राम पंचायत छिंदी से की है। वॉश ऑन व्हील्स सेवा एक आधुनिक उपकरणों और सुरक्षा गियर का उपयोग करते हुए सफ्ई मित्रों द्वारा संस्थागत और घरेलू शौचालयों की सफ्ई की पहल है। यह न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्वच्छता साथियों के लिए सुरक्षित और उत्पादक आजीविका का माध्यम भी बन रही है। यह सेवा ग्राम पंचायतों के सामुदायिक शौचालय, स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र, और हॉस्टल जैसी जगहों पर नियमित सफ्ई सुनिश्चित करती है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत घरेलू शौचालयों की सफ्ई को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। सफ्ई मित्रों को प्रशिक्षित कर रूट चार्ट और अनुबंध निर्धारित किए गए हैं। सफ्ई कार्य के लिए आधुनिक उपकरण जैसे बैटरी और बिजली से चलने वाली वॉशिंग मशीनें, यूनिफॉर्म, दस्ताने, मास्क, हेलमेट और अन्य सुरक्षा गियर प्रदान किए गए हैं। प्रति शौचालय इकाई के लिए 0.5 किमी दूरी पर 200 रूपये और 5 किमी से अधिक दूरी पर 250 रूपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। जिसके बाद पर स्वच्छता साथियों को 25 से 30 हजार तक मासिक आय प्राप्त हो रही है, जो पहले बहुत कम थी।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने समीक्षा बैठक में जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शासन की सभी योजनाओं का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाएं। विकास के सभी कार्य समय और गुणवत्ता के साथ पूरे हों। इसमें कोताही स्वीकार नहीं की जायेगी।

पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में छिंदवाड़ा पुलिस के विगत 7 माहों से लगातार प्रदेश में प्रथम आने पर बधाई दी। साथ ही नवागत एस.पी. को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले में पुलिसिंग ऐसी हो कि अपराधियों में डर रहे और अपराध नियंत्रित रहें।

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 70 वर्ष और अधिक उम्र के वरिष्ट नागरिकों के आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि जिले में अभी तक 16875 वयोवृद्ध जनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और जिला प्रदेश में टॉप 10 में है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने शेष सभी बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड भी शीघ्र बनाने और टॉप 3 में रहने के निर्देश दिए।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग और सीवरेज योजना की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों से मिले फीडबैक पर प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सीवरेज कार्य के अंतर्गत शहर की सड़कों के रेस्टोरेशन कार्य पर नाराजगी जाहिर की और नगर निगम छिंदवाड़ा को यह कार्य ठीक ढंग से करवाने के निर्देश दिए।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री श्री सिंह द्वारा जिले में खादए बीज की उपलब्धता और सोयाबीन उपार्जन की जानकारी प्राप्त की गई। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता रहे और सभी डबल लॉक में किसानों के लिए पानी व बैठक की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने जिले में नरवाई प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा हैप्पी सीडर के नवाचार और उसके प्रयोग को बढ़ावा देने के कार्य की सराहना की। उप संचालक कृषि ने बताया कि नरवाई प्रबंधन में जिले में अच्छा काम हुआ है और छिंदवाड़ा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है। हैप्पी सीडर नरवाई प्रबंधन में बहुत मददगार साबित हो रहा है। इसे क्रय करने में विभाग द्वारा कृषक को 1.5 लाख का अनुदान भी दिया जाता है और अन्य के खेत में उपयोग करने पर प्रति एकड़ के अनुसार 1650 रुपए का मानदेय भी दिया जाता है। इस दौरान प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने नरवाई प्रबंधन में बेहतर कार्य करने वाले कृषकों और प्राकृतिक खेती के लिए जिले के बाहर तक मशहूर हो चुके जिले के ग्राम भुमका के कृषक पूरन लाल इवनाती को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने जिले में कुल निर्मित 147 योजनाएं और निर्माणाधीन 14 सिंचाई योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की, साथ ही जनप्रतिनिधियों से फीडबैक प्राप्त किए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जिले में सिंचाई संबंधी शिकायतें न आएं। इसी तरह जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान जिन ग्रामों में योजना के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायतें बताई गई हैं, उनकी जांच करने और लापरवाह ठेकेदारों का भुगतान रोकने के निर्देश दिए।

राजस्व महाभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने राजस्व महाभियान 2.0 में जिले की उपलब्धि के लिए बधाई दी और 15 दिसंबर 2024 तक चलने वाले राजस्व महाभियान 3.0 के अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्तीकरण, नक्शा बटांकन आदि के शेष लंबित एवं नए सभी कार्य समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने पुलिस विभाग, जेल, स्वास्थ्य, नगरीय विकास एवं आवास, कृषि, सिंचाई विभाग, जल जीवन मिशन, लोक निर्माण विभाग, राजस्व महाभियान 3.0, के साथ ही खनिज विभाग, रेशम विभाग, सुशासन, सी एम हेल्पलाइन, धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान आदि की भी विस्तृत समीक्षा की गई तथा जनप्रतिनिधियों से फीडबैक और सुझाव लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने ली एपीसी विभाग समूहों की समीक्षा बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में एपीसी समूह के विभागों की समीक्षा की गई। सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विभाग नवाचार कर किसानों को प्रेरित कर उनकी आय बढ़ाने का प्रयास करें।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा करते हुये महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक एवं जिला विपणन अधिकारी को सभी समितियों में उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया। जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मॉनिटरिंग कर लगातार प्राप्त हो रही उर्वरकों की रैक का तत्काल उठाव कराये। इसी प्रकार पशुपालन विभाग को नवीन दुग्ध समितियों के गठन के लिये व उद्यानिकी विभाग को नवाचार के साथ पीएमएफएमई योजना के लक्ष्य पूर्ति के लिये एवं मत्सपालन विभाग को मछुआरों के केसीसी के लिये निर्देशित किया गया ।

बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे ।

## जिला फुटबॉल महिला प्रतियोगिता में खिलाडी पुरस्कृत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2024- 25 के अनुसार संभाग स्तरीय अंतर जिला फुटबॉल महिला प्रतियोगिता में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर को बैग देकर सम्मानित किया गया।

संभाग स्तरीय अंतर जिला फुटबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा बताया कि नरसिंहपुर के इतिहास में महाविद्यालय द्वारा पहली बार महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

प्रतियोगिता में जबलपुर और नरसिंहपुर जिले की टीम ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच नरसिंहपुर और जबलपुर जिले के मध्य खेला गया, जिसमें जबलपुर 3- 0 से विजयी रहा। जबलपुर की तरफ से पार्वती, आयुषी और अनुष्का द्वारा एक-एक गोल किया गया।

## मुख्य अभियंता ने की राजस्व समीक्षा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्य अभियन्ता (जबलपुर क्षेत्र) के.एल. वर्मा द्वारा आज प्रशासनिक भवन परिसर स्थित मीटिंग हॉल में संचा-संधा वृत्त छिन्दवाड़ा के अंतर्गत आर.डी.एस.एस. योजना में चल रहे निर्माण कार्यों की फर्म प्रतिनिधियों के साथ वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा में मुख्य अभियंता श्री वर्मा द्वारा फर्म प्रतिनिधियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया गया। मुख्य अभियंता श्री वर्मा द्वारा छिंदवाडा एवं पांढुर्णा जिले में केपेसिटर बैंक स्थापना के कार्य से अपनी संतुष्टि व्यक्त की। फर्म द्वारा कुल 89 कैपेसिटर बैंक में से 85 नंबर केपेसिटर बैंक स्थापित कर चार्ज कर लिये गये है।

इसी प्रकार छिंदवाडा वृत्तार्गत 8-33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि फर्म द्वारा 3-33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र चार्ज कर लिये गये हैं। फर्म प्रतिनिधि द्वारा शेष 5-33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र 31 दिसंबर 2024 तक चार्ज किये जाने के लिये आश्वस्त किया गया है।

छिंदवाडा वृत्तांर्गत 27 फीडरों पर 33 के.व्ही. लाईनों का कार्य किया जा रहा है, जिसमें 07 फीडरों का कार्य फर्म द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। समीक्षा में मुख्य अभियंता श्री वर्मा द्वारा फर्म प्रतिनिधि को शेष फीडरों के कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार छिंदवाडा शहर में स्मार्ट मीटर स्थापना की समीक्षा करते हुये सम्पूर्ण स्मार्ट मीटर 31 दिसंबर 2024 तक स्थापित करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके बाद के.एल. वर्मा द्वारा विभिन्न कर्मचारी/पेंशनर्स संगठनों से सौजन्य भेंट कर कर्मचारी संगठनों से प्राप्त अनुकम्पा नियुक्ति, कारण बताओं सूचना पत्र एवं अन्य समस्याओं का बिन्दुवार समाधान करने के लिये आश्वस्त किया गया।

मुख्य अभियंता श्री वर्मा द्वारा छिंदवाडा वृत्त के सभी कार्यपालन अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की एवं रबी सीजन में अधिक से अधिक अस्थाई कनेक्शन प्रदान करने, वितरण टांसफार्मरों को निर्धारित समय सीमा में बदलने एवं किसानों को नियमानुसार 10 घण्टे विद्युत अपूर्ति करने, बिलिंग एफिसिऐंसी, कलेक्शन एफिसिऐंसी बढ़ाने एवं राजस्व संग्रहण में 25 प्रतिशत की वृध्दि करने के लिये कड़े निर्देश दिये गये।

मुख्य अभियंता श्री वर्मा द्वारा प्रशासनिक भवन स्थित संभागीय कार्यालय शहर एवं पूर्व का निरीक्षण किया गया। साथ ही लेखा कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी तारतम्य में मुख्य अभियंता द्वारा परासिया रोड स्थित 66 के.व्ही. उपकेन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा शाम 06 बजे सौंसर संभागीय कार्यालय में संभाग के अंतर्गत सभी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई व रबी सीजन में सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### सार समाचार

## न्यूटन नगर में पानी की पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने नगर परिषद प्रतिबद्ध : राय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर परिषद न्यूटन चिखली की अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय ने कहा है कि नगर परिषद न्यूटन चिखली में पेंच नदी में बनें डेम के आलावा नगर के विभिन्न वार्डों में स्थपित नलकूपों के माध्यम से नगर के समस्त वार्डों में पानी की सुचारू सप्लाई की जा रही है।

नगर परिषद् द्वारा डेम के आलावा नलकूपों से पानी एकत्रित कर फिल्टर प्लांट में पहुँचाया जाता है जहाँ पानी का पूर्ण शुद्धीकरण कर नगर में सप्लाई किया जाता है। एवं नगर में कोयलांचल क्षेत्र के अन्य निकायों की तरह वर्तमान में पेयजल की कोई समस्या नहीं है। और आगामी दिनों में यदि पेयजल की समस्या बनती है तो नगर प्रशासन इसके समाधान के लिये पूर्ण रूप से तैयार है।

नगर परिषद् अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय द्वारा बताया गया कि कुछ तत्वों द्वारा अनाश्यक अपवाह फैलाकर नगरवासियों को पेयजल की झूठी समस्या बताकर डराया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 03 के स्थानीय नागरिक द्वारा स्वयं सेवाभाव से आसपास के रहवासियों को अपने नलकूप से पानी दिया जाता है।

रहवासी अपनी सुविधा अनुसार उनके नलकूप से पानी लेते हैं। हम उनके सेवाभाव की सराहना करते हैं। परन्तु कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा दबाव बनाकर उन्हें रहवासियों को पानी देने से रोका जा रहा है और उनके पानी बंद करने से नगर में जल संकट आने की अपवाह फैलाई जा रही है।

ये आसामाजिक तत्व नगर के विकास कार्यों में भी अडंगा डाल रहे है। नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क नाली एवं ऑगनवाड़ी के निर्माण में कोलमाईंस की जमीन को निजी जमीन बताकर कार्यों को रोक रहे हैं। अत: मैं नगर परिषद अध्यक्ष नगरवासियों से अपील करती हूँ कि किसी के बहकावे में न आयें और यदि कोई समस्या है तो मैं आपके लिये हमेशा उपलब्ध हूँ और आप लोगों के सहयोग से समस्या का समाधान करने के लिये पूरी नगर परिषद् प्रतिबद्ध है।

## झिरपा तामिया के किसान को सम्मानित किया प्रभारी मंत्री ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नरवाई प्रबंधन हेतु कृषि अभियांत्रिकी कृषि विभाग से अनुदान प्राप्त जिले के प्रथम हैप्पी सीडर खरीदने वाले ग्राम झिरपा तामिया के किसान हरीश राय को प्रभारी मंत्री राकेश सिंह एवं सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं चाभी प्रदान की गई

डी.डी.ए. जितेन्द्र सिंह ने जिले में नरवाई प्रबंधन में सुपर सीडर के द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले चाँद के किसान प्रवेश रघुवंशी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते प्रभारी मंत्री राकेश सिंह एवं सांसद विवेक बंटी साहू कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और डी.डी.ए. उपस्थित थे।

## आदतन जुआरी जिलाबदर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे के निर्देशन में अवैध शराब माफ़ियाओ के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.पी. सिंह व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव राजेश सिंह बंजारे के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नवेगांव उप निरीक्षक राजेश साहू एवं थाना स्टाफ द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर व आसूचना संकलन प्राप्त कर थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध गतिविधि संचलित करने वाले जुंआ, सट्टा एवं अवैध शराब कारोबारियो पर कड़ी कार्यवाही की गई। कार्यवाही मे क्रमश आदतन जुवारी गोपाल यदुवंशी का जिला बदर प्रकरण तैयार कर पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा प्राप्त कर कलेक्टर छिंदवाडा के आदेश क्र 88 जिला बदर/2024 दिनांक 30 अक्टूबर 2024 के पालन मे आदतन अपराधी को 05 जिलो की सीमाओ से बाहर किया।

## श्वेता ताठे बनी महिला मराठा समाज की नगर अध्यक्ष

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला क्षत्रिय मराठा समाज का मिलन समारोह गत दिवस भरतादेव में हुआ। सभी सामाजिक बंधुओं एवं महिलाओं की उपस्थिति में निर्वाचन के माध्यम से श्वेता मनोज ताठे को नगर मराठा समाज की महिला अध्यक्ष चुना गया।

श्वेता के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जिला क्षत्रिय मराठा समाज के अध्यक्ष प्रवीण काटकर एवं सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी। वहीं निर्वाचित अध्यक्ष श्वेता ताठे ने कहा कि वे अपने पद का जिम्मेदारी से निर्वहन करेगी। उन्होंने समाज के लिए समर्पित भाव से सेवा करने की बात कही।



## शहर में आवारा कुत्तों का आतंक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इन दिनों शहर छिन्दवाड़ा में आवारा कुत्तों का आतंक फिर बढ़ गया है। स्कूली बच्चों को पीछे से दौड़कर काटते है जिससे बच्चें स्कूल जाने में भयभीत होने लगे है। इन दिनों कुत्तों के झुण्ड सड़को, मोहल्लों में पाया जाता है कार्यवाही अपेक्षित है

## विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का भव्य उद्घाटन






**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा की युवा उत्सव की विश्वविद्यालय स्तरीय आयोजित प्रतियोगिताओं के पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के खेल परिसर में राजा शंकर शाह के बलिदानों की ऐतिहासिक यादों को लेकर आयोजित रैली सह उद्घाटन समारोह की अध्यक्ष कुलगुरु प्रो. लीला भलावी ने कहा कि छात्र युवा उत्सव के माध्यम से अपनी अंतर्निहित अनंत ऊर्जा को राष्ट्रहित में लगाएं।

युवा अपने व्यक्तित्व को प्रभावी बनाने में ऐसे सुअवसरों का भरपूर उपयोग करें। रजिस्ट्रार प्रो. युवराज पाटिल ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा उत्सव कलात्मक अभिव्यक्ति को परिष्कृत का मंच है, छात्र बिना मंचीय प्रस्तुति के शिक्षा के अन्तिम ध्येय को प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. डी.आर. उइके ने कहा कि युवा उत्सव भारतीय सांस्कृतिक विरासत के खोए राष्ट्र गौरव को पुनर्जीवित करने का अवसर है, जिसको अपने चरित्र में उतारकर छात्र चमत्कारिक प्रभाव पैदा कर सकते हैं।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. जे. के. वाहने ने कहा कि युवा उत्सव के संस्कार जीवन पर्यंत अभिप्रेरणा का कार्य करते है, स्वस्थ नागरिक बनने का इससे बेहतरीन समय और कुछ नहीं हो सकता है। जिन विशिष्ट अतिथियों ने उद्घाटन समारोह को अपनी उपस्थिति से खास बनाया उनमें जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, पी.जी. कॉलेज प्राचार्य डॉ. वाय. के. शर्मा, पी.जी. कॉलेज जनभागीदारी अध्यक्ष भरत घई, वि.वि. कार्यपरिषद सदस्य तरुन किंद्रा, पीतांबरी गोनेकर एवं सत्यम मानिकपुरी अ.भा.वि.प. प्रमुख थे।

युवा उत्सव की आज संपन्न सांस्कृतिक विधाओं में निर्णायकों की भूमिका का निर्वहन विजयानन्द दुबे, सचिन वर्मा, शिरिन दुबे, शिरीष सोनी, प्रीति सक्सेना, जूली सिंघई व दुर्गेश उइके प्रमुख थे। समारोह में मंच संचालन की महती भूमिका का निर्वहन गीतांजलि गीत ने किया।

## कबड्डी छिन्दवाड़ा कारपोरेशन का हुआ चयन, जबलपुर के लिए 12 खिलाड़ी रवाना



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन द्वारा जबलपुर में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप जो की 22 नवम्बर 2024 से 25 नवम्बर 2024 तक आयोजित होने जा रही है इसमें हमारे छिंदवाड़ा कबड्डी कॉरपोरेशन की महिला सीनियर टीम के 12 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अरविंद दुबे कोच के साथ 22 तारीख को छिंदवाड़ा से जबलपुर के लिए रवाना हो रही है इसके लिए आज छिंदवाड़ा कबड्डी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस, उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, सचिव सोनू दुबे, एड. देवेंद्र वर्मा, नितिन माहोरे, सारीक सिद्दकि, राजेश गोहिया सभी की उपस्थिति में महिला टीम का चयन किया गया। टीम में चयनित ज्योति भलावी कैप्टन, उप कप्तान सुषमा धुर्वे, दुर्गा सरेआम, रामकुमारी पंद्राम, रोशनी उईके, सोनम भलावी, महिमा इनवाती, अजिका सरेयाम, शिवानी इनवाती, संजना अहके, सती उईके, पिंकी वाड़िवा सभी खिलाड़ियों को छिंदवाड़ा कारपोरेशन कबड्डी संघ की तरफ से कबड्डी किट का वितरण किया गया।


**प्रथम पुण्यतिथि**



स्वर्गीय श्री रामु जी खंडाईत
स्व. दिनांक 22/11/2023

पिताजी हम सब आपके विचार को अपने अंदर जिंदा रखेंगे. आपकी प्रथम पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन अश्रुपूरित श्रद्धांजली अर्पित करते है.

**शोकाकुल परिवार**

ग. भा. अनुबाई खंडाईत ( भाभी )
श्री अजूध्या खंडाईत श्रीमती चंद्रकला खंडाईत ( भाई-भाभी )
श्री सदाशिव खंडाईत - श्रीमती लक्ष्मी खंडाईत ( भतीजा - बहु )
श्री प्रवीण खंडाईत - श्रीमती कीर्ति खंडाईत ( भतीजा - बहु )
श्री बादल खंडाईत - श्रीमती पूजा खंडाईत ( पुत्र - पुत्रवधू )
कुमार आकाश खंडाईत ( पुत्र )
कु. राज खंडाईत कु. राम खंडाईत ( नाती )
कु. दक्ष खंडाईत कु. रूद्र खंडाईत ( नाती )
कुमारी ऐना बादल खंडाईत ( नातिन )
सम्पूर्ण खंडाईत परिवार
निवास- वार्ड क्रमांक 09 रामाकोना तहसील सौसर जिला पांढुर्ना
मो. 9981540724


## 62 वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 288 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में 62 वां स्वास्थ्य शिविर सौसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तंसरामाल में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 288 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें सभी मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई।

शिविर में प्रमुख रूप से रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, रोगी कल्याण समिति के सदस्य चंद्रकुमार (चंदू जैन) सदन साहू मंडल अध्यक्ष, लखन डोंगरे पूर्व मंडल अध्यक्ष, सरपंच नीलिमा पटेल, मदन साहू, जगजीवन टेकले, गगन घटकड़े, जितेंद्र पटेल, राजेश डोंगरे, प्रभाकर खीरेकर, गणेश डोंगरे, बी.एम.ओ. संजय राय, संदीप वानखेड़े, राजू राजपाल सिंह, प्रीतम डोंगरे, रवि डोंगरे, राजकुमार सोनी, उपसरपंच आनंद डोंगरे, भारत साहू, राजेश डोंगरे और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 63 वा स्वास्थ्य शिविर आज सावरगांव में

पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सावरगांव में आज 22 नवंबर को 63 वा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। पांढुर्णा नगर मंडल के अध्यक्ष नरेश कलम्बे ने क्षेत्र के नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है।



## बच्चों को नशा मुक्ति के दुष्परिणाम बताए, आगाह किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं परामर्शदाता जयप्रकाश सूर्यवंशी, विनोद तिवारी, लता नागले, तृप्ति ठाकुर, आशीष साहू के मार्गदर्शन में गत दिवस सरस्वती शिशु मंदिर कुहिया में बच्चों को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे से होने वाले दुष्प्रभाव और उसके परिणाम से अवगत कराकर नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही वहां पढ़ने वाले बच्चों से अपने अनुभव साझा किये गये। इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि जीवन अमूल्य है और छात्र जीवन ही एक ऐसा वीजन है जब पढ़ाई के साथ साथ आने वाले समय में क्या करना है सोचना पड़ता है तब नशा से दूर रहना जीवन में अति आवश्यक है।




इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य गजेंद्र विश्वकर्मा एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं सहित बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थीगण अमित कुमार बरखानिया, कामेश सूर्यवंशी, चितेश, वंदना देशमुख, प्रीति धुर्वे, सन्नी जंबोलकर, रीना वासनिक, सविता युवनाती, संध्या वासनिक, कृतिका विश्वकर्मा, रेणुका उपासनी एवं बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा के सदस्य आदि उपस्थित थे।